(ग) रिवाल्वर वेब्ले मार्क	6	
कारतूस	102	
.45 बोर के रिवाल्वर	1	
.38 बोर के रिवाल्वर	3	
12 बोर के कारतूस	36	
राउंडों सहित पिस्तौल	1	(24 राउंड सहित)
प्लास्टिक के विस्फोटक	5	पौंड
12 बोर की बन्दूक	2	
.303 राइफल	3	
बण्डोलियर्स	3	(303 कारतूस)
(कुल	117	राउंड)
चाकू	1	
रिवाल्वरों के चमड़े के पिस्तौल-दान... ...	2	
हथगोले	25	(12 फ्यूज सहित)
कारतूस .303	12	
टैंक भेदी सुरंग फ्यूज सहित	2	

केन्द्रीय गुप्त सूचना विभाग द्वारा अपराधों का पता लगाने के लिए कुत्ते रखना

6048. **श्री भारत सिंह चौहान :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय गुप्त सूचना विभाग ने अपराधों का पता लगाने के लिए कुछ प्रशिक्षित कुत्ते रखे हुए हैं ;

(ख) यदि हां, तो उन कुत्तों की संख्या कितनी है ;

(ग) उन पर सरकार प्रति वर्ष कितना व्यय करती है ; और

(घ) गत तीन वर्षों में ऐसे कितने कुत्ते विदेशों से खरीदे गये ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता ।

इंडियन एयरलाइन्स कारपोरेशन की विदेशी मुद्रा की आय

6050. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंडियन एयरलाइन्स कारपोरेशन की 1967-68 में विदेशी मुद्रा की आय कितनी है ; और

(ख) वर्ष 1968-69 में कितनी विदेशी मुद्रा की आय होने की संभावना है ?

पर्यटन तथा असैनिक उड्डयन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) 1967-68 के दौरान इंडियन एयरलाइन्स ने 6.89 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा अर्जित की ।

(ख) इंडियन एयरलाइन्स ने 1968-69 के दौरान 7 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की आय का बजट बनाया है, जिससे कि इसके भी बढ़ जाने की संभावना है ।